दैनिक भास्कर

सुजानगढ़ में चार दुकानों पर कार्रवाई: लैक्मे कंपनी के नकली प्रोडक्ट बेच रहे थे व्यापारी, कंपनी ने बोगस ग्राहक भेजकर करवाए जब्त

शहर की कॉस्मेटिक दुकानों पर लैक्मे कंपनी ब्रांड के नाम से खुलेआम नकली आयटम बेचे जाने का बड़ा मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ये पिछले लंबे समय से चल रहा है। शुक्रवार को हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी के प्रतिनिधियों व पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर चार दुकानों पर छापामार कर नकली सामान जब्त कर चार व्यापारियों को पुलिस हिरासत में लिया।

कंपनी के एरिया मैनेजर मुजीब खान व सुभाषचंद्र ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी के पास सुजानगढ़ में लंबे समय से लैक्मे के नकली काजल, लिपिस्टिक, फाउंडेशन, ब्यूटीक्रिम सहित अन्य प्रकार के उत्पाद बेचे जाने की कई बार सूचनाएं आ रही थी। इसी आधार पर कंपनी ने पूरी प्लानिंग के साथ इन दुकानों पर बोगस ग्राहक भेजे। सामान खरीदने के बाद उन्हीं की कंपनी के प्रोडेक्ट नकली मिले।

बाद में सुजानगढ़ थाने के सहायक उपनिरीक्षक तेजाराम के साथ मिलकर बाजारों में संचालित कॉस्मेटिक दुकानों के संचालक सुरेश प्रजापति पुत्र पूसराज प्रजापति, गणेश पुत्र राम, इरफान भाटी पुत्र शरीफ भाटी, महेश अग्रवाल की दुकान पर कार्रवाई के बाद थाने लाया गया।

कंपनी के प्रतिनिधि के अनुसार नकली प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से स्कीन पर कैंसर होने के ज्यादा आसार रहते हैं। सीआई किशनसिंह ने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा लिखित में रिपोर्ट देने पर कॉपी राइट का मामला दर्ज किया जाएगा व कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/sikar/churu/news/traders-were-selling-fake-products-of-lakme-company-the-company-got-them-confiscated-by-sending-bogus-customers-128709204.html